भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1386
26 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए नियत

इलेक्ट्रिक वाहनों में तकनीकी मुद्दे

1386. श्री पी. रविन्द्रनाथ:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उत्सर्जन मुक्त वाहनों के लक्ष्य को प्रभावित करने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के तकनीकी मुद्दों और पर्यावरण को बचाने के संबंध में चिंतित है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने दोषपूर्ण इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के संबंध में कोई निर्देश जारी किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) और (ख): जी नहीं। 'वाहन' पोर्टल के अनुसार, इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में कोई कमी नहीं आई है। अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम-126 में यथाविनिर्दिष्ट अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए घटकों का परीक्षण संगत मानकों के अनुसार किया जाता है।

(ग): भारी उद्योग मंत्रालय ने ऐसा कोई अनुदेश जारी नहीं किया है।

*****